# गाजियाबाद से 50 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रदेश सरकार नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को आरआरटीएस (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) से जोड़ने जा रही है। इसके माध्यम से मेरठ, मोदीनगर, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा आदि जेवर एयरपोर्ट से जुड़ जाएंगे। यह कॉरिडोर जेवर को दिल्ली एवं आईजीआई एयरपोर्ट से भी तीव्र गति से जोड़ेगा। यात्री इस कॉरिडोर से गाजियाबाद से 50 मिनट में जेवर एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से 80 मिनट में पहुंचा जा सकेगा।

## सीएम ने कनेक्टिविटी पर दिया है ज्यादा जोर

मुख्यमंत्री ने हाल ही में एनसीआरटीसी, उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट की बेहतर कनेक्टिविटी पर बैठक कर जरूरी निर्देश दिए थे । इस दौरान सीएम योगी ने जेवर एयरपोर्ट को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नई दिल्ली से कनेक्ट किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। इसके लिए रैपिड रेल और मेट्रो को उन्होंने बेहतर विकल्प बताया।